आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 10.02.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में आज सुबह ग्यारह बजे पूरे देश के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे।

2. प्रयागराज में चल रहे महाकुभ में जल जीवन मिशन का पवेलियन लगाया गया है।

3. सांसद द्वारा भारत सरकार से केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित करने का आह्वान।

4. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस द्वीपसमूह में आज से शुरू किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में आज सुबह ग्यारह बजे दूरदर्शन सहित विभिन्न मंचों पर पूरे देश के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री परीक्षा की तैयारियों, तनाव से निपटने और व्यक्तिगत विकास पर अपने विचार साझा करने के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल, शिक्षा और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के छत्तीस विद्यार्थियों का चयन किया गया है जो प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करेंगे।

उधर शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आज सुबह साढ़े दस बजे से इसका प्रसारण किया जाएगा। इसे द्वीपसमूह के छात्र, अभिभावक और शिक्षक देख सकेंगे।

<><><><><><><>

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जल जीवन मिशन का पवेलियन लगाया गया है जिसमें ग्रामीण जीवन पर इस मिशन के प्रभाव को प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के ग्रामीण इलाकों में आ रहे बदलाव को भी प्रदर्शनी में दिखाया जा रहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, आयुष मंत्रालय और भारत सरकार के सहयोग से सूर्या फांउडेशन की ओर से ''प्राकृतिक चिकित्सा–योग के माध्यम से बुजुर्गों की देखभाल'' विषय पर हाल ही में एक शिविर का आयोजन किया गया। श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वामी शुद्धानंद सरस्वती मुख्य अतिथि थे। इस शिविर में आयुष विभाग के उप निदेशक डॉक्टर कल्याण पी. कदभाने और आयुष अस्पताल की डॉक्टर नंदिनी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। डॉक्टर कल्याण कदभाने ने अपने संबोधन में कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा और योग उपचार के सबसे पुराने और प्रभावशाली विधियों में से एक है। उन्होंने दैनिक आहार में मिलेट आदि के उपयोग पर जानकारी देते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉक्टर नंदिनी ने योग और प्राणायम सत्र का संचालन किया। मुख्य अतिथि स्वामी शुद्धानंद सरस्वती ने अपने संबोधन में कहा कि हमें एक स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया। इस तरह के शिविर के आयोजन के लिए उन्होंने आयोजकों की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापन किया।

<><><><><><><>

डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम इकाई की ओर से हस्तनिर्मित वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी ग्यारह और बारह फरवरी को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में शाम तीन बजे से सात बजे तक लगेगी।

<><><><><><><>

सांसद ने भारत सरकार से केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय प्रमाण पत्र जारी करने के कार्यकारी निर्देश का समर्थन करने के लिए एक कानूनी ढांचा स्थापित करने का आह्वान किया है। इस अपील का उद्देश्य रोजगार और शिक्षा में द्वीपवासियों के अधिकारों की रक्षा करना है, एक निष्पक्ष और न्यायसंगत प्रणाली सुनिश्चित करना है जो स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती है। ये प्रमाण पत्र प्रशासन के भीतर रोजगार और उच्च शिक्षा के लिए अनिवार्य है। स्थानीय आबादी पहले से ही क्षेत्र की दूरस्थता और सीमित अवसरों के कारण काफी चुनौतियों का सामना कर रही है। सरकारी नौकरियों में स्थानीय वरीयता का मुद्दा, लंबे समय से लोगों की मांग रही है। सांसद ने गृह मंत्रालय से आग्रह किया है कि इस लंबित मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा रोजगार एवं शिक्षा के लिए स्थानीय प्रमाण पत्रों की कानूनी वैधता बहाल करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाए।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस द्वीपसमूह में आज से शुरू किया जाएगा जिसके बाद सत्रह फरवरी को मॉप अप किया जाएगा। इस दौरान स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी। सभी

अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चों को स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की गोली दी जाए। आम जनता से भी अनुरोध किया गया है कि वे ए एन एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकताओं को अपना सहयोग प्रदान करें तथा द्वीपसमूह में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यापक प्रचार करें।

<><><><><><><>

छब्बीसवीं उप राष्ट्रपति सॉकर चैम्पियनशिप कार निकोबार के तमालू स्थित बीजेआर स्टेडियम में शुरू हुई। इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह से बारह टीमें भाग ले रही हैं। विम्बर्लीगंज और लिटिल अण्डमान के बीच खेला गया पहला मैच ड्रॉ रहा। कल खेले गए दूसरे मैच में कार निकोबार और कछाल की टीम एक–एक गोल से बराबरी पर समाप्त हुआ। आज दोपहर डेढ़ बजे लिटिल अण्डान का मुकाबला रंगत से और शाम तीन बजे श्री विजयपुरम का मुकाबला मायाबंदर से होगा। इस समय चावरा का मुकाबला ननकौड़ी की टीम से चल रहा है।

<><><><><><><>

गोवा में आयोजित होने वाली सैंतालिसवीं इंडियन मास्टर्स नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए चौदह फरवरी को चयन ट्रॉयल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रॉयल में पैतीस से पचहत्तर वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक खिलाड़ियों से तेरह फरवरी तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक कार्यालय में प्रवेश शुल्क के साथ अपने नाम दर्ज कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी ने कल नई दिल्ली में नौसेना प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व नौसैना प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

<><><><><><><>

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय द्वारा छात्रों के लिए बैचलर ऑफ एजुकेशन और बी एस सी नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन हैं और पंजीकरण की अंतिम तिथि इक्कीस फरवरी है। इन कार्यक्रमों के लिए भुगतान केवल ऑनलाइन किए जा सकते है। प्रवेश परीक्षा सोलह मार्च को होगी। ऑनलाइन फार्म भरने में यदि कोई कठिनाई आती है, तो श्री विजयपुरम के इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे देश भर के छात्रों से बातचीत करेंगे–द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। द्वीप समाचार ने एक जिला एक व्यंजन के तहत पहल की शुरूआत करने के समाचार को अखबार ने अंतिम पन्ने में जगह दी है। साथ ही अखबार ने अण्डमान निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अण्डमान प्रीमियर टी–ट्वेन्टी लीग कम नॉकऑउट टूर्नामेंट आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। होपटाउन पंचायत में राजस्व शिविर न्यायालय के आयोजन के समाचार को इंफो इंडिया और अण्डमान क्रोनिकल ने सचित्र प्रकाशित किया है। सांसद द्वारा द्वीपसमूह में स्थानीय प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कानूनी ढांचे की मांग के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृष्ठ के मध्य में जगह दी है। भारत और इंग्लैड के बीच चल रहे एक दिवसीय मैच में भारत के लगातार दो जीत के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने खेल खिलाड़ी पृष्ठ में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>